MAHD - 03

December - Examination 2015

M.A. Hindi (Previous) Examination

हिन्दी साहित्य का इतिहास

Paper - MAHD - 03

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र तीन खण्डों 'अ', खण्ड 'ब' और खण्ड 'स' में विभाजित है। खण्ड अ अति लघुत्तरात्मक है, खण्ड ब लघुत्तरात्मक एवं खण्ड स में निबंधात्मक प्रश्न सम्मिलित हैं।

(खण्ड – अ) 8 x 2 = 16

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। आप अपने उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(i) हिन्दी साहित्य के आदिकाल को वीरगाथा काल नाम किसने दिया।

(ii) आल्ह खंड के रचयिता कौन थे?

(iii) मीरां का जन्म राठौड़ वंश की कौनसी शाखा में हुआ?

(iv) बिहारी रीति काव्य की कौन सी परम्परा के कवि हैं।

(v) कठिन काव्य का प्रेत किसे कहा जाता है?

(vi) हिन्दी नये चाल में ढली आधुनिक काल के किस कवि ने कहा?

(vii) ''गढ़ कुंडार'' ऐतिहासिक उपन्यास के लेखक कौन हैं?

(viii) 'कलम का सिपाही' जीवनी किस उपन्यासकार पर लिखी गयी है।

(खण्ड – ब) 4 x 8 = 32

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई चार प्रश्न कीजिए। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2) हिन्दी साहित्य के इतिहास में आदिकाल के नामकरण पर प्रकाश डालिए।

3) रासो काव्य कितने भी अप्रामाणिक क्यों न हो, पर उनमें तत्कालीन सामंती समाज की विलसिता और वैयक्तिक शौर्य का पता लग जाता है। कथन के आलोक में रासो काव्य परम्परा पर आलोचनात्मक टिप्पणी लिखिए।

4) मीरां कृष्ण की अनन्य भक्त थी। मीरा के पदों के काव्य सौन्दर्य का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

5) 'रीति मुक्त कवि अपनी धारा में बहनेवाले कवि थे' कथन के आलोक में रीति मुक्त कवियों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

6) आधुनिक काव्य की पृष्ठभूमि का वर्णन कीजिए।

7) छायावाद में निराला का क्या योगदान है वर्णन कीजिए।

8) 'अज्ञेय प्रयोगवाद के पुरोघा कवि हैं' अज्ञेय के काव्य सौन्दर्य और नये प्रतीकों वर्णन कीजिए।

9) हिन्दी नाट्य साहित्य में जयशंकर प्रसार के योगदान का वर्णन कीजिए।

(खण्ड – स)

2 x 16 = 32

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर दीजिए। शब्द सीमा अधिकतम 500 शब्द हैं। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

10) 'भक्तिकाल हिन्दी साहित्य का स्वर्णिय युग है' कथन के संदर्भ में भक्तिकाल की परिस्थितियों और सामान्य प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए।

11) ''प्रेमचंद'' हिन्दी कथा साहित्य के सम्राट हैं हिन्दी कथा साहित्य में प्रेमचंद के योगदान का वर्णन कीजिए।

12) हिन्दी आलोचना के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

13) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र आधुनिक हिन्दी गद्य के जनक हैं नव जागरण युग में भारतेन्दु के योगदान का वर्णन कीजिए।